PCE
GROUP I - PAPER 3
LAW, ETHICS AND COMMUNICATION

MAY 2010

IPCC
GROUP-I PAPER-2
BUSINESS LAW, COMMUNICATION AND ETHICS

Roll No..............................

Total No. of Questions—16]

[Total No. of Printed Pages—12

Time Allowed—3 Hours

Maximum Marks—100

**WWF**

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi medium. If a candidate who has not opted for Hindi medium, answers in Hindi, his answers in Hindi will not be valued.

Marks

## PART—I

Answer **all** the questions.

1. (a) Z rent out his house situated at Mumbai to W for a rent of Rs. 10,000 per month. A sum of Rs. 5 lac, the house tax payable by Z to the Municipal Corporation being in arrears, his house is advertised for sale by the corporation. W pays the corporation, the sum due from Z to avoid legal consequences. Referring to the provisions of the Indian Contract Act, 1872 decide whether W is entitled to get the reimbursement of the said amount from Z. 5

(b) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect : $2\times1=2$

(i) Employees can relinguish their right to receive minimum bonus by an agreement with employer.

(ii) Ratification of agency is valid even if knowledge of the principal is materially defective.

(c) Pick out the correct answer from the following and give reasons : $3\times1=3$

(i) X sells the goodwill of his retail store to Y for Rs. 5 lac and promises not to carry on the same business forever and anywhere in India. Is the agreement :

1. valid
2. void
3. voidable
4. illegal.

Marks

(ii) A without B's authority let outs B's flat to C. Afterwards B accepts rent of the flat from C. It is an agency by :

1. holding out
2. estoppel
3. ratification
4. necessity.

(iii) P, obtains a cheque drawn by M by way of gift. Here P is a :

1. holder in due course
2. holder for value
3. holder
4. None of the above.

2. (a) UMC Limited has only 7 shareholders having fully paid-up shares. On 30th April, 2009, all the shares of X (a shareholder of the company) are sold to Y (another shareholder of the company) in an auction by the order of the court. Z, (a shareholder of the company) was in USA for a business trip from January and thus he was not aware of the developments. The company continues to carry on its business thereafter. In December, 2009, the company borrowed a sum of Rs. 5 lac from the Unique Bank. Later, the company was wound up and the Assets of the company were not sufficient for the payment of its Liabilities. The Bank filed a suit against Y and Z for recovery of the said loan from them. Decide the Liabilities of Y and Z under the provisions of Companies Act, 1956. Would your answer be the same, if the said loan was taken in the month of March, 2009 ? 5

(b) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect : $2 \times 1 = 2$

(i) Issue of debentures with voting rights in not permissible.

(ii) A private company is required to hold the statutory meeting.

Marks

(c) Pick out the correct answer from the following and give reasons : 3×1=3

(i) Contracts entered into by a company after its incorporation and before it is entitled to commence business are called :

1. provisional contracts
2. pre-incorporation contracts
3. both 1 and 2
4. None of the above.

(ii) The underwriting commission on shares must not exceed :

1. 2.0 percent of the issued price of shares
2. 2.5 percent of the issued price of shares
3. 5.0 percent of the issued price of shares
4. 5.5 percent of the issued price of shares

(iii) Which one of the following required ordinary resolution ?

1. to change the name of the company
2. to alter the articles of association
3. to reduce the share capital
4. to declare dividends.

3. J accepted a bill of exchange and gave it to K for the purpose of getting it discounted and handing over the proceeds to J. K having failed to discount it returned the bill to J. J tore the bill in two pieces with the intention of cancelling it and threw the pieces in the street. K picked up the pieces and pasted the two pieces together, in such manner that the bill seemed to have been folded for safe custody, rather than cancelled. K put it into circulation and it ultimately reached L, who took it in good faith and for value. Is J liable to pay the bill under the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881 ? 5

Marks

4. In 2009, the Electronics Corporation, a Public Sector establishment under the Department of Science and Technology, Government of Rajasthan starts to sell mobile sets manufactured by it, in addition to T.V. sets, so as to compete with private sector establishments of mobile sets in the market. The income from sale of mobile sets is 30 percent of the gross income of the Corporation. The employees of the Corporation went to strike for demand of Bonus. Decide, whether the demand of the employees is tenable under the provisions of the Payment of Bonus Act, 1965. Would your answer be different if the income from sale of mobile sets is only 10 percent of the gross income of the Corporation. 5

5. R, a 57 years old district judge was appointed by the Central Government as Presiding Officer of the Employee's Provident Funds Appellate Tribunal for a period of five years. After three years, he (R) resigns from his office and ceases to work with immediate effect without handing over the charge to his successor, who was not appointed by the Government till that date. Examine the validity of R's action to cease work under the provisions of the Employee's Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952. 5

6. S is employed in Golden ice-cream factory, a seasonal establishment. The factory was in operation for four months only during the financial year 2009-10. S was not in continuous service during this period. However, he has worked only for sixty days. Referring to the provisions of the payment of Gratuity Act, 1972 decide whether S is entitled to gratuity payable under the Act. Would you answer be the same in case S works for 100 days ? 5

7. J held 100 partly paid up shares of LKM Limited. The company asked him to pay the final call money on the shares. Due to some unavoidable circumstances he was unable to pay the amount of call money to the company. At a general meeting of the shareholders, the chairman disallowed him to caste his vote on the ground that the articles do not permit a shareholder to vote if he has not paid the calls on the shares held by him. J contested the decision of the Chairman. Referring to the provisions of the Companies Act, 1956 decide whether the contention of J is valid. 5

Marks

8. The object clause of the Memorandum of Association of RST Limited authorises it to publish and sell text-books for students. The company, however, entered into an agreement with Q to supply 100 laptops of worth Rs. 5 lac for resale purposes. Subsequently, the company refused to make payment on the ground that the transaction was ultravirus the company. Examine the validity of the company's refusal for payment to Q under the provisions of the Companies Act, 1956. 5

9. K, a member of MNO Limited, appoints L as his proxy to attend the general meeting of the company. Later he (K) also attends the meeting. Both K (the member) and L (the proxy) voted on a particular resolution in the meeting. K's vote was declared invalid by the chairman stating that since he has appointed the proxy and L's vote has been considered as valid. K objects to the decision of the Chairman. Decide, under the provisions of the Companies Act, 1956 whether K's objection shall be taxable. 5

10. Explain the 'MCA 21 Program' introduced by the Government of India to develop computerized environment for company law. How does it serve the interest of all the stakeholders of a company, corporate professionals and the public at large ? 5

## PART—II

Answer **all** the questions.

11. (a) What is meant by Corporate Governance ? Explain the benefits of Good Corporate Governance. 5

    (b) Explain the concept of Green Accounting system. 5

12. Explain the various safeguards that should be adopted for overcoming threats faced by an accounting and finance professional. 5

13. State with reasons whether the following statements are correct or incorrect : $2\frac{1}{2}\times2=5$

    (i) Corporate Social Responsibility is closely linked with the principles of substainable development.

    (ii) A good environmental practice improves corporate performance.

Marks

## PART—III

Answer **all** the questions.

14. (a) Explain the functions of interpersonal communication. 5

(b) The statutory meeting of PQR Limited was held on 20th January, 2010 at its registered office at Kolkata. As a secretary of the company, draft the minutes of the statutory meeting of the shareholders of the company. 5

15. The Board of Directors of RSP Limited agrees with X to hire his (X's) flat at NOIDA on lease for ten years @ Rs. 20,000 per month for marketing office of the company. You are a senior executive of the Board and the board asks you to prepare the lease deed for the agreement. Draft a lease deed. 5

16. State the contents that are required for drafting an Annual Report of a Company. 5

Marks

## (Hindi Version)

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है।
वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,
तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा।

### भाग—I

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. (अ) जेड अपना मुंबई स्थित मकान डब्लू. को 10,000 रु. प्रतिमाह किराए पर देता है। जेड द्वारा नगर निगम को देय, 5 लाख रु. बकाया होने के कारण, निगम द्वारा उसका मकान बेचने हेतु एक विज्ञापन दिया गया है। वैधानिक परिणामों से बचाव के लिए जेड द्वारा देय धनराशि, डब्लू., स्वयं निगम को भुगतान कर देता है। भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए, यह निर्णय कीजिए कि क्या डब्लू. इस धनराशि को जेड से प्रतिपूर्ति कराने का अधिकारी है। 5

(ब) कारण सहित बताइए कि क्या निम्न कथन सत्य हैं अथवा असत्य : 2×1=2

(i) कर्मचारी, अपने न्यूनतम बोनस प्राप्त करने के अधिकार को, नियोक्ता के साथ अनुबन्ध करके त्याग सकते हैं।

(ii) यदि प्रधान का तथ्यों सम्बन्धी ज्ञान महत्त्वपूर्ण रूप से दोषयुक्त है, तो भी पुष्टीकरण द्वारा ऐजेन्सी वैध है।

(स) निम्न में से सही उत्तर चुनिए एवं कारण बताइए : 3×1=3

(i) एक्स. अपने रिटेल स्टोर की ख्याति वाई. को 5 लाख रु. में बेचता है और वचन देता है कि भारत में कहीं पर भी और कभी भी ऐसा व्यवसाय नहीं करेगा। यह एक अनुबन्ध है।

1. वैध
2. व्यर्थ
3. व्यर्थनीय
4. अवैध।

Marks

(ii) बी. द्वारा अधिकार प्रदान किए बिना ए., बी. का फ्लैट सी. को किराये पर दे देता है। तत्पश्चात् सी. से बी. किराया स्वीकार कर लेता है। यह एक ऐजेन्सी है :

1. प्रदर्शन द्वारा
2. गत्यावरोध द्वारा
3. पुष्टीकरण द्वारा
4. आवश्यकता द्वारा।

(iii) पी. जो एम. द्वारा लिखित चेक भेंट स्वरूप प्राप्त करता है। यहाँ पी. एक है

1. यथाविधि धारक
2. मूल्य हेतु धारक
3. धारक
4. उपरोक्त में से कोई नहीं।

2. (अ) यू.एम.सी. लिमिटेड में केवल सात अंशधारी हैं, जोकि पूर्णदत्त अंश रखते हैं। 30 अप्रैल, 2009 को एक्स. (कम्पनी का एक अंशधारी) के सभी अंश, न्यायालय के आदेश द्वारा, नीलामी में वाई. (कम्पनी का दूसरा अंशधारी) को बेच दिए गए। जेड (कम्पनी का एक अंशधारी) जनवरी से व्यावसायिक यात्रा पर संयुक्त राज्य, अमेरिका में था। अत: वह इसके बारे में कुछ नहीं जानता था। इसके बाद भी कम्पनी अपना व्यवसाय जारी रखती है। दिसम्बर, 2009 में, कम्पनी ने यूनिक बैंक से 5 लाख रु. की राशि उधार ली। तत्पश्चात् कम्पनी का समापन हो गया एवं कम्पनी की सम्पत्तियाँ इसके दायित्वों के भुगतान हेतु पर्याप्त नहीं थी। अत: बैंक ने इस ऋण की वसूली के लिए वाई. एवं जेड पर वाद प्रस्तुत किया। कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अन्तर्गत वाई. एवं जेड का दायित्व निर्धारित कीजिए। यदि यह ऋण, मार्च, 2009 में लिया गया होता, तो क्या आपका उत्तर समान होगा? 5

(ब) कारण सहित बताइए कि क्या निम्न कथन सत्य हैं अथवा असत्य : 2×1=2

(i) मतदान के अधिकार सहित ऋणपत्रों का निर्गमन अनुमति योग्य नहीं है।

(ii) एक निजी कम्पनी के लिए वैधानिक सभा बुलाना आवश्यक है।

Marks

(स) निम्न में से सही उत्तर चुनिए एवं कारण बताइए : $3 \times 1 = 3$

(i) समामेलन के पश्चात् एवं व्यापार प्रारम्भ करने के अधिकार से पूर्व, कम्पनी द्वारा किए गए अनुबन्ध कहलाते हैं।

1. तात्कालिक संविदा
2. समामेलन के पूर्व की संविदा
3. दोनों 1 एवं 2
4. उपरोक्त में से कोई नहीं।

(ii) अंशों पर अभिगोपन कमीशन से अधिक नहीं होना चाहिए।

1. अंशों के निर्गमित मूल्य का 2.0 प्रतिशत
2. अंशों के निर्गमित मूल्य का 2.5 प्रतिशत
3. अंशों के निर्गमित मूल्य का 5.0 प्रतिशत
4. अंशों के निर्गमित मूल्य का 5.5 प्रतिशत।

(iii) निम्न में से किसके लिए साधारण प्रस्ताव आवश्यक है ?

1. कम्पनी के नाम बदलने हेतु
2. पार्षद् अन्तर्नियमों में परिवर्तन हेतु
3. अंशपूँजी को कम करने हेतु
4. लाभांश घोषित करने हेतु।

3. जे. ने एक विनिमय-पत्र स्वीकार किया एवं इसे के. को भुनाने के लिए एवं इससे प्राप्त राशि जे. को देने के लिए दे दिया। के. इसे भुनाने में असफल रहा एवं बिल जे. को वापस दे दिया। जे. ने बिल को रद्द करने के उद्देश्य से इसके दो टुकड़े कर दिए एवं इन टुकड़ों को सड़क पर डाल दिया। के. टुकड़ों को उठाकर, इन्हें इस प्रकार चिपका दिया कि बिल रद्द करने के स्थान पर सुरक्षित रखने के लिए मोड़ा हुआ प्रतीत होता था। के. ने इसे चलन में रखा तथा अन्तिम रूप से यह (बिल) एल. के पास पहुँच गया, जिसने इसको सद्विश्वास में मूल्य के बदले प्राप्त किया। परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के अन्तर्गत क्या जे. बिल के भुगतान हेतु दायी है ? 5

Marks

4. 2009 में, इलेक्ट्रोनिक्स निगम, राजस्थान सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के अन्तर्गत, एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, बाजार में प्रचलित निजी क्षेत्र के उपक्रमों के मोबाइल सेट्स की प्रतिस्पर्द्धा में, टी.वी. सेटस् के अतिरिक्त, अपने द्वारा निर्मित मोबाइल सेट्स का विक्रय प्रारम्भ किया। मोबाइल सेट्स के विक्रय से प्राप्त आय, कम्पनी की सकल आय का 30 प्रतिशत है। निगम के कर्मचारी, बोनस की माँग पर हड़ताल पर गए। बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्णय कीजिए कि क्या कर्मचारियों की माँग तर्कसंगत है। यदि मोबाइल सेट्स के विक्रय से प्राप्त आय, कम्पनी की सकल आय का मात्र 10 प्रतिशत होती है, तो क्या आपका उत्तर अलग होगा? 5

5. आर. एक 57 वर्षीय जिला न्यायाधीश, को केन्द्रीय सरकार द्वारा 5 वर्ष की अवधि के लिए कर्मचारी भविष्य निधि अपील अधिकरण का पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया। 3 वर्ष पश्चात् आर. ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया एवं अपने उत्तराधिकारी को कार्यभार सोंपे बिना, जोकि उस तारीख तक सरकार द्वारा नियुक्त नहीं किया गया था, तुरन्त प्रभाव से कार्य करना बन्द कर दिया। कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत आर. के द्वारा कार्य रोकने के निर्णय की वैधता का परीक्षण कीजिए। 5

6. गोल्डन आइस फैक्ट्री, एक मौसमी प्रतिष्ठान में एस. रोजगार युक्त था। वित्तीय वर्ष, 2009-10 में, यह कारखाना मात्र 4 माह के लिए संचालन में था। इस अवधि में एस. भी निरन्तर सेवा में नहीं था एवं उसने मात्र 60 दिन कार्य किया। उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्णय कीजिए कि क्या एस. इस अधिनियम के अन्तर्गत देय ग्रेच्युटी पाने के लिए हकदार है। यदि एस. 100 दिन कार्य करता है, तो भी क्या आपका उत्तर समान होगा? 5

7. जे. के पास एल.के.एम. लिमिटेड के 100 आंशिक प्रदत्त अंश थे। कम्पनी ने उससे अंशों पर अन्तिम याचना राशि के भुगतान की माँग की। कतिपय अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण वह कम्पनी को याचना राशि के भुगतान करने में असमर्थ रहा। अंशधारियों की एक साधारण सभा में सभापति द्वारा उसे मतदान हेतु इस आधार पर अनुमति प्रदान नहीं की गई कि अन्तर्नियम, ऐसे अंशधारी को मतदान की अनुमति नहीं देता है, जिसने उसके द्वारा धारित अंशों पर याचना राशि का भुगतान नहीं किया है। जे. ने सभापति के निर्णय का प्रतिवाद किया। कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए निर्णय कीजिए कि क्या जे. का प्रतिवाद वैध है। 5

Marks

8. आर.एस.टी. लिमिटेड के पार्षद् सीमानियम का उद्देश्य वाक्य कम्पनी को विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तकों के प्रकाशन एवं विक्रय हेतु अधिकृत करता है। कम्पनी, क्यू. के साथ, पुन: विक्रय हेतु, 5 लाख रु. मूल्य के 100 लेपटॉप पूर्ति (क्रय) हेतु अनुबन्ध किया। तत्पश्चात् कम्पनी ने भुगतान के लिए इस आधार पर इन्कार कर दिया कि यह लेनदेन कम्पनी के अधिकारों के बाहर था। कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अन्तर्गत कम्पनी द्वारा क्यू. को भुगतान के लिए इन्कार करने की वैधता का परीक्षण कीजिए। 5

9. के., एम.एन.ओ. लिमिटेड का एक सदस्य, कम्पनी की साधारण सभा में उपस्थित होने के लिए एल. को प्रति-पुरुष नियुक्त करता है। तत्पश्चात् वह (के.) भी सभा में उपस्थित होता है। सभा में एक विशिष्ट प्रस्ताव पर दोनों के (सदस्य) एवं एल. (प्रतिपुरुष) ने मतदान किया। सभापति द्वारा के. के मत को यह कहते हुए अमान्य घोषित कर दिया कि वह प्रति पुरुष नियुक्त कर चुका है एवं उसका (एल.) मत वैध मान लिया गया है। 5

   के. सभापति के निर्णय का विरोध करता है। कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्णय कीजिए कि क्या के. का विरोध तर्कसंगत है।

10. भारत सरकार द्वारा कम्पनी विधान हेतु कम्प्यूटरीकृत परिवेश विकसित करने के लिए प्रारम्भ किए गए 'एम.सी.ए. का कार्यक्रम' की विवेचना कीजिए। यह एक कम्पनी के सभी हितधारियों, निगमीय पेशेवरों एवं जनता के हितों की किस प्रकार पूर्ति करता है? 5

## भाग—II

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

11. (अ) निगमीय अभिशासन (Corporate Governance) से क्या तात्पर्य है? एक अच्छे निगमीय अभिशासन के लाभों का विवेचन कीजिए। 5

    (ब) हरित लेखांकन प्रणाली (Green Accounting system) की विचारधारा का विवेचन कीजिए। 5

12. लेखांकन एवं वित्तीय पेशेवरों के सम्मुख खतरे की आशंकाओं (threats) के निवारण हेतु अपनाये जाने वाले विभिन्न सुरक्षा उपायों का विवेचन कीजिए। 5

Marks

13. कारण सहित बताइए कि क्या निम्न कथन सत्य हैं अथवा असत्य : $2\frac{1}{2}\times2=5$

(i) निगमीय सामाजिक उत्तरदायित्व, चिर-स्थायी विकास (Substainable development) के सिद्धान्तों के साथ निकटतम रूप से जुड़ा हुआ है।

(ii) एक अच्छा पर्यावरण-अभ्यास, निगमीय निष्पादन में सुधार करता है।

## भाग—III

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

14. (अ) अन्तर-वैयक्तिक संवहन के कार्यों का विवेचन कीजिए। 5

(ब) पी.क्यू.आर. लिमिटेड की वैधानिक सभा कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय, कोलकाता में 20 जनवरी, 2010 को आयोजित की गई। कम्पनी के सचिव की हैसियत से कम्पनी के अंशधारियों की वैधानिक सभा के कार्यवृत्त का प्रारूप तैयार कीजिए। 5

15. आर.एस.पी. लिमिटेड का संचालक मण्डल कम्पनी के विपणन कार्यालय हेतु एक्स. का नोएडा स्थित फ्लैट 10 वर्ष के लिए 20,000 रु. प्रतिमाह की दर से पट्टे पर लेने के लिए एक्स. के साथ सहमत होता है। कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारी होने के नाते मण्डल द्वारा आपको इस समझौते का पट्टा विलेख-पत्र (Lease deed) का प्रारूप तैयार करने के लिए कहा गया है। पट्टा विलेख-पत्र तैयार कीजिए। 5

16. एक कम्पनी के वार्षिक प्रतिवेदन के प्रारूप को तैयार करने में अपेक्षित विषय-सामग्री को बताइए। 5